an>

Title: Regarding closure of two roads by Ministry of Defence in Maval Parliamentary Constituency in Maharashtra.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल):** अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में देहू रोड़, पिंपढे सौदागर, बोपखेल, दापोडी और उरण में काफी क्षेत्र भारतीय रक्षा अधिकार में आने वाला क्षेत्र है। यह क्षेत्र शहरी क्षेत्र से नज़दीक होने के कारण यहां पर भारतीय सैनिक और अधिकारियों के अलावा यहां रह रहे लोग भी उस रास्ते से आते-जाते रहते हैं। पिछले डेढ़ साल से कुछ स्थानीय लोगों ने निचले कोर्ट में उसके बारे में लड़ाई लड़ी, जिसके कारण मेरे क्षेत्र में बोपखेल और पिम्पले सौदागर का रास्ता स्थानीय लोगों के लिए बंद किया गया है। अध्यक्ष जी, बोपखेल एक ऐसा गांव है, जिसकी पूरी जमीन रक्षा विभाग के लिए गई है। सिर्फ गांव बाकी है, गांव से एक तरफ नदी है और तीनों तरफ रक्षा विभाग आता है। आज उनका रास्ता पूरी तरह से बंद किया गया है, बल्कि गांव वालों को 15 से 20 किलोमीटर दूर हो कर आना-जाना पड़ता है। मैं आपके माध्यम से इस बात पर रोशनी डालना चाहता हूँ कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच कितना तनाव हो, फिर भी पाकिस्तानी घुसपैठियों द्वारा घुसपैठ की जाती है, लेकिन सरकार उनके साथ व्यापारिक संबंधों के लिए और यात्रियों के लिए ट्रेन या वाया बॉर्डर से रास्ता खोले रखती है।

महोदय, इस बारे में मैंने माननीय रक्षा मंत्री मनोहर पर्किर से बात की और उन्होंने करीबन सात-आठ बार बैठक भी ली, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं हुआ। मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि बोपखेल और पिम्पले सौदागर में जहां लोग ज्यादा रहते हैं, उनके आने जाने के लिए रास्ता खोलने की मैं मांग करता हूँ।

HON. SPEAKER: Shri P.P. Chaudhary and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Shri Shrirang Appa Barne.